भीम BHIM

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(प्रशासनिक भवन - ग्राम-हल्दीना, पोस्ट-मालाखेड़ा, अलवर, राजस्थान - 301406)
Phone : 0144-2730321, 2980046 Email – matsyauniv.alwar@gmail.com
website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक :-राऋभमवि/अल/ परीक्षा/2026/ 123 **दिनांक :-** 24-Feb-2026

प्राचार्य
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
अलवर।

विषय :- स्नातक सेमेस्टर प्रथम, तृतीय एवं पंचम (दिसम्बर-2025) की प्रायोगिक परीक्षा आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत स्नातक सेमेस्टर प्रथम, तृतीय एवं पंचम (दिसम्बर-2025) की प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

1. **नियमित परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में :**
   सम्बन्धित महाविद्यालय नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं **दिनांक 06.03.2026 तक** आवश्यक रूप से सम्पन्न करावें।
2. **स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में :**
   स्वयंपाठी परीक्षार्थिओं की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु सात दिवस का प्रायोगिक प्रशिक्षण अनिवार्य है। प्रायोगिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की सूची कॉलेज पोर्टल पर उपलब्ध है। प्रायोगिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर परीक्षार्थियों को सात दिवस का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान कर, अगले कार्य दिवस से प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन अनिवार्य रूप से कराया जावे। प्रायोगिक परीक्षा आयोजन की सूचना महाविद्यालय सूचना पट्ट, समाचार-पत्र इत्यादि माध्यमों से परीक्षार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही प्रायोगिक परीक्षा आयोजन की सूचना की प्रति विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करेंगे।

नोट : सात दिवस के प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र के अभाव में स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित बैच, बाह्य परीक्षक इत्यादि कॉलेज पोर्टल पर उपलब्ध करा दिये गये है। अत: विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करवाकर अंकों को ऑनलाईन पोर्टल https://erp.univindia.org पर College login के माध्यम से दर्ज करें।

साथ ही अंकसूची (Award Sheet) की हार्डकॉपी **परीक्षा आयोजन के अगले दिवस** में अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् अवार्ड्स की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जावेगी। यदि महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र के अंकों को मैन्यूअल/ऑफलाईन भेजे जाते है तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुए इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा।

Shubh

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2026/ 124-128 **दिनांक :** 24-Feb-2026

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-</u>

1. कुल सचिव।
2. प्रभारी आई.टी. को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।
3. निजी सचिव, कुलगुरू महोदय।
4. सम्बन्धित फर्म को उक्त प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु पालनार्थ।
5. रक्षित पत्रावली।

Shubh

परीक्षा नियंत्रक